Title: Need to look into the murder of four persons in Jatali village, Haryana by the persons of the Upper Caste.

श्री हन्नान मोल्लाह : अध्यक्ष महोदय, जैसा तिवारी जी ने बताया कि हम १३ दिन बाद नये मिलिनियम में जाने की तैयारी कर रहे हैं। उस मिलिनियम में रोशनी के साथ पहुंचे या अंधेरे के साथ, यह बात मैं इस सदन में आज उठाना चाहता हूं।

पिछले हफ्ते हमारे हरियाणा प्रदेश के जातली गांव में तथाकथित नीची जाति के लड़के का तथाकथित उच्च जाति की लड़की के साथ मोहब्बत करने की वजह से लड़की का सात माह पूर्व उसके परिवार के लोगों ने कत्ल कर दिया था और सात महीने के बाद पिछले हफ्ते तथाकथित उच्च जाति के लोगों ने, जो कुछ दिन पहले तक हरियाणा के बहुत प्रभावशाली मंत्री रहे हैं, के रिश्तेदारों ने मिलकर उस परिवार पर हमला करके लड़के के परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी क्योंकि उसने तथाकथित उच्च जाति की लड़की के साथ मोहब्बत की थी। इस अंधेरे दिमाग के साथ कैसे हम अगली मिलिनियम में जायेंगे? यह जातिवाद की बर्बरता है। यह दक्षिण अफ्रीका की अपार्थाइड की तरह की बर्बरता है। यह असभ्यता है। जब तक यह बर्बरता और जातिवाद खत्म नहीं होगा, हिन्दुस्तान सभ्यता के साथ अगली मिलिनियम में नहीं जा सकता है? यह सभ्यता पर कलंक है। इस बर्बरतापूर्ण दिमाग को दूर करने की लड़ाई बहुत जरूरी है। जो घटना घटी है, एक एम.एल.ए. के रिलेटिव ने चार लोगों का खून कर दिया।

यह बर्बरता बंद होनी चाहिए और कास्टिज़्म के खिलाफ सब लोगों को मिलकर लड़ाई छेड़नी चाहिए तभी हम रोशनी के साथ अगली सदी में जा सकते हैं, यही मेरा कहना है।